RAF SECTOR

NEWS CLIP

25/05/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan, Varanasi (UP)

ईद की पूर्व संध्या पर रविवार को अधिकारियों ने फोर्स के साथ शहर के विभिन्न इलाकों में रूट मार्च किया। • हिन्दुस्तान

Dainik Jagran, Varanasi (UP)

रूट मार्च निकाल जगाई सुरक्षा की भावना

मदनपुरा क्षेत्र में रूट मार्च करती फोर्स संग पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी ● जागरण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : लोगों का भरोसा कानून व्यवस्था पर बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के नेतृत्व में रविवार को रूट मार्च निकाला गया। रूट मार्च शाम को 4.30 बजे के करीब रेवड़ी तालाब पुलिस चौकी से प्रारंभ हुआ।

अधिकारियों संग सुरक्षा बलों के जवान पैदल ही मार्च करते हुए रेवड़ी तालाब से गलियों में होते हुए मदनपुरा, गोदौलिया, नई सड़क होते बेनियाबाग तक पहुंचे। इस दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र का जायजा लिया। बाकी के मार्च का अपर जिलाधिकारी नगर विनय कुमार सिंह एवं एसपी सिटी दिनेश सिंह के नेतृत्व किया। रूट मार्च में फोर्स एवं आरएएफ के जवान शामिल थे।

कमिश्नर एवं डीएम ने दी ईद-उल-फित्र की मुबारकबाद

जासं, वाराणसी : कमिश्नर दीपक अग्रवाल व जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने जनपदवासियों को ईद-उल-फित्र की मुबारकबाद दी है। उन्होंने कोरोना महामारी के इस विषम दौर में लॉकडाउन का पालन करते हुए ईद पर्व घरों में ही रहकर मनाने की अपील की है। जिलाधिकारी ने बताया कि ईद उल फित्र पर जनपद में दुकानों और मार्केट के लिए लागू व्यवस्था पूर्व की तरह ही सोमवार के टाइम टेबल के अनुसार जारी रहेगी। जो दुकानदार अपनी दुकान बंद रखना चाहें वे बंद रख सकते हैं।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF



सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।